# MAHABHARAT

The Mahabharat is a world of its own, vast, immortal, rich, deep, essential, thoughtful, philosophic, pure, intriguing, engaging and magnanimous. There isn't any emotion that is left untouched or unspoken, as each character in this colourful yet tragic epic poem is a kind of its own. Each relationship is vividly expressed, yet exists on a complex note. JF Woods elucidates referring to Mahabharat, "what is not here, is nowhere else".

The greatest epic of India, Mahabharat, compiled by Vyasa between 300 BCE and 300 CE, is considered to be of the Puranic Period. The Bhagvad Gita is narrated during the Bhisma Parva, just before the epiphanic moment of beginning of the great war.

If we look at the history of culmination of this sacred text, it is a conglomeration of ideas beginning from the earliest phase of Indian civilization. It includes the Vedic philosophy, the post Vedic, the Upanishadic thoughts, upto the Puranic narratives.

All these developments formulating the essence of Indian philosophy constitute the Gita. It entails Lord Krishna's revelation of his divine nature to Arjuna. As a result Arjuna is able to decide upon a course of action that was any way rendered inevitable by the complex sequence of events. Lord Krishna counsels Arjuna on the mandates of Dharma and the necessity of action, finally relieving him off his emotional dilemma.

According to Nick Sutton in the essay, 'What is Dharma? Ethical tensions within Mahabharat, "the Mahabharat dramatises this tension between moral and ritual ethics and perhaps it is through the discourse of the Gita that the epic is able to explore further on these grounds."

This blend of Gita and Mahabharat is evocative of the interconnectedness within the universal cosmology, as both the divine and the human world tend to co–interact. Herein there is violence in both domains, emotional turbulence in the form of conspiracy of Duryodhana and Shakuni, deceit, hatred and victimization of the righteous Pandavas.

The position of Draupadi within the epic is a complex one, on one hand, she suffered relentlessly, while on the other hand, she was a woman with a mind of her own, assertive and unflinching. Mahabharat operates on the concept of power, state and kingdomhood which is intricately tied to matters of inheritance and lineage. As the inevitability of fate determines events, in this duel between Karna and Arjuna, Ghatotkach falls prey to Karna's attack from the infallible weapon blessed to him by Indra, thereby, sacrificing his life for Arjuna. Son of Bheema and Hidimbi, he was of a bold built, exemplifying a ghatam (a clay pot).

The Lakshagriha episode is a result of Duryodhana's wrath and hatred for the Pandavas. He conspires an evil trap in the form of House Of Lacquer to burn his enemies to death, but is himself befooled as Pandavas manage to escape through a secret tunnel, due to Vidura's prior symbolic warning to Yudhishtira.

Next if we explore the role of cosmology within Mahabharat, the best would be to refer to Bhisma and Shikhandi. Their encounter with each other in two different cycles of birth and rebirth is determined and based on the motif of revenge and fate. Having known that Bhisma's ethical principles would prevent him from confronting a woman at the battlefield, Arjuna used Shikhandi as a shield to defeat the mighty Bhisma.

Interestingly, Mahabharat apart from being a Mahakavya narrating the great war, it is also a bildungsroman which is a "narrative tracing the development of a protagonist's character from childhood to maturity through varied experiences" as we see in the epic, the life and times of the Pandavas and Kauravas since their childhood to their growth as skilful warriors.

War entails no peace, instead punctures a human being's consciousness to the extent that its destruction of life and property haunts him throughout. The epic as it is marked by its multilayered characteristics unfolds its events within the paradigm of human fate and destiny, its magnanimity in the course of time has anchored it to eternity. As to this day we see adaptations of Mahabharat in different regional languages, it is interpreted and reinterpreted, not only in India but has bestowed its glory all over the world. The charm of this epic has cast its spell across time and space, as different part of the country adopted and adapted the narrative, wholly or focusing on parts, to suite their own cultural identities. Almost every State has some relics dedicated to an episode from the great epic. The spatial vastness of this story, eventually is a reflection of spread of civilization and the related conflicts, manifest today in different architectural, sculptural, folk craft and other forms of artistic expressions.

Mahabharat is an epic that has permeated life and culture far beyond the Indian subcontinent. In India, facets of the epic appear in song, dance, film, literature, painting, sculpture, and everyday conversations. These stamps depict but a few strands of the art forms which continue to influence and mould life, learning, and politics. Department of Posts pays homage to this immense living tradition by offering a selection of works which depict the Mahabharat from different parts of India.

The set of stamps being brought out by the Department of Posts is an attempt and portray this rich variety of expressions of different events and episodes of the story. Department of Posts issues one sheetlet with 18 stamps and two miniature sheets which are described in forthcoming paragraphs.

As we count the stamps as they are arranged in the sheetlet and proceed from top to bottom, counting from left to right in each row, the cosmic form of the creator in traditional Rajasthani pichwai style is depicted in the large top stamp #1 in sheetlet. Raja Ravi Verma brought his distinct style to the royal depiction of the five Pandav brothers with Draupadi in stamp #4. Draupadi appears as a leather shadow puppet from Andhra-Karnataka region which is depicted in stamp #5. Stamp #9 is an illustration of the Pandavas with Draupadi during their years in exile from patachitra folk scroll painting from Bihar-Bengal region. In stamp #10 and #13, Miniature paintings done in the Mughal style to illustrate their translations into Persian have been depicted. Stamp #10 is the illustration from Bhagvat Puranam, wherein Kauravas confer at Hastinapur as Bhishm, Dhritrashtra and Vidur try to avert the war. Stamp #13 is the illustration from Razmnama, depicting Bhishma on a bed of arrows, awaiting for auspicious time to leave his mortal coil. Hindu and Jain manuscripts were illustrated in watercolour styles of northern India in stamp #16 & #17. Stamp #16 is the illustration from 1540 Bhagvat Puranam manuscript, depicting a vital battle during the great war, when Karna used up his most powerful weapon to subjugate Ghatotkachh which is depicted in stamp #17.


The sculptors chiseled stone at Halebidu, depicted in stamp #7 showing Arjun at the svayamvar; stamp #12, depicts the chakravyuha that killed Arjun's son in the great battle; stamp #14 is the battle scene showing Arjun, the skillful archer and Arjun's penance to earn divine weapons, from Mahaballipuram in stamp #8. Kalamkari artists of Andhra Pradesh use fabric to paint scenes from the epics which is depicted in stamp #18.

Many of the pictures used in the stamps (stamps #2, #3, #6, #11, #15) and in the accompanying philatelic material including the background and borders for the sheet of 18 stamps, are adapted from the huge body of work done by an 'illiterate' folk artist from the heart of central India who dedicated her life to illustrating this epic. Santok Ba painted a scroll of 1200 meters depicting episodes from just the adi parva part of the epic. This work has been preserved at the IGNCA, Delhi, and Department of Posts is grateful for the opportunity to present some of her work to the world. Santok Ba's family supported and supplemented her efforts and they deserve credit too, as do all the unnamed anonymous traditional artists who have kept the stories alive.

Department of Posts is pleased to issue a set of eighteen Commemorative Postage Stamps on Mahabharat.


**Credits:-**

| | | |
|---|---|---|
| Text | : | Based on the material received from writer Ms. Anika Singh and available on internet |
| Stamp/Miniature Sheet/ Sheetlet/FDC/Brochure | : | Designed by Smt. Bharti Mirchandani based on inputs received from Sh. Lakshmikanta Dash (Department of Posts), Ms. Meena Mani, and Smt. Santok Ba |
| Cancellation Cachet | : | Smt. Nenu Gupta |

# महाभारत

महाभारत अपने आप में एक सर्वव्यापी अनंत आकाश की तरह, कालजयी, गूढ़, मीमांसात्मक, नैसर्गिक, एवं जलधि के समान गहराई लिए हुए है। इस बहुरंगीय एवं विविधताओं से परिपूर्ण महाग्रन्थ में इसके कथानक में विजय के आह्लाद के साथ – साथ एक गहन मार्मिकता भी है, कोई भी मानवीय संवेदना अछूती नहीं रह गई है। मानवीय धरातल की हर एक अभिव्यक्ति सूक्ष्मता से उजागर होते हुए भी जटिलताओं से परिपूर्ण है। जे. एफ. वुड्स के अनुसार, "जो इसमें नहीं है वह कहीं नहीं है।"

प्रचलित एवं स्थापित मान्यताओं के अनुसार महर्षि वेद व्यास ने 300 ईसा पूर्व से लेकर 300 ईस्वी तक के कालखंड में ही महाभारत के विस्तृत कथानक को एक सूत्र में पिरोने का काम किया था। भगवद्गीता महाभारत के भीष्मपर्व में है एवं इसके उपदेश युद्ध प्रारंभ होने के ठीक पहले दिए गए।

यह पवित्र ग्रन्थ एक तरह से भारत की प्राचीन सभ्यता, संस्कृति के प्राचीनतम परिदृश्यों का समाहार है। इसमें वैदिक, उत्तर वैदिक, औपनिषदिक से लेकर पौराणिक मान्यताओं की झलक मिल जाती है।

इन सभी कालखंडों के विचार मंथन की चरम परिणति भगवद्गीता के रूप में होती है, जिसमें भगवान कृष्ण अर्जुन को अपने दिव्य रूप का भी दर्शन कराते हैं। गीता के उपदेशों द्वारा भगवान कृष्ण अर्जुन को अपने कर्तव्यों का भान कराते हैं। जिसके बाद अर्जुन भावनात्मक द्वन्द्व से मुक्त हो जाते हैं।

निक सटन के अनुसार "महाभारत नैतिक एवं परंपरागत मूल्यों के बीच के तनाव को एक नाटकीय रूप प्रदान करता है और गीता के दर्शन द्वारा इस पर आगे अन्वेषण का प्रयास किया जाता है।"

ब्रह्माण्ड में व्याप्त विविधता जो विश्व के सभी समाजों में परिलक्षित होती है गीता और महाभारत में उसका प्रमाण मिलता है, जिसमें राजनीति एवं कूटनीति के सभी उपादानों का प्रयोग दुर्योधन एवं शकुनी के माध्यम से प्रकट होता है।

महाभारत में द्रौपदी नारीत्व के द्विआयामी भावबोध को दर्शाती है। एक तरफ उसे अकल्पनीय कष्टों को झेलना पड़ा है पर दूसरी तरफ उसमें एक अद्भुत शक्ति और अग्निशिखा के समान तेज है। महाभारत में उत्तराधिकार, वंशानुक्रम आदि विषयों से राज्यसत्ता के संबंधों का भी विवेचन है। कुछ निर्दोष पात्र इस घटनाक्रम की लपेट में आ गये हैं। जैसे भीम एवं हिडिम्बी का पुत्र घटोत्कच।

लाक्षागृह की घटना दुर्योधन की कुण्ठा की पराकाष्ठा है जिसमें पाण्डव विदुर की सजगता के कारण बाल – बाल बचते हैं। भीष्म एवं शिखण्डी का प्रसंग एक अद्भुत कथानक है जिसमें भीष्म के जीवनकाल में ही शिखण्डी पूर्व जन्म की प्रतिज्ञा पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है और इससे परिचित होने के कारण भीष्म शिखण्डी को उसके पूर्व जन्म के नारी रूप का सम्मान करते हैं और सहज उसे अपनी मृत्यु का कारण बनने देते हैं। महाभारत को एक महाकाव्य होने के साथ–साथ बिल्डंग्सरोमन भी कहा गया है, जिसका तात्पर्य होता है कि कथानक के पात्र के पूरे जीवनकाल को एवं उसकी अनुभव यात्रा को लक्षित करना। इस महाकाव्य में पाण्डवों और कौरवों के जन्म से लेकर अंत तक की गाथा वर्णित है।

युद्ध मानव की संवेदना को बहुत गहरे तक त्रस्त करता है और विनाश की त्रासदी सम्पूर्ण समाज की चेतना को आंदोलित करती रहती है। महाभारत की बहुआयामी कथाएँ और उपकथाएँ मानव के कर्म, भाग्य को विधि का विधान रूपी चक्र में हमेशा के लिए घूमता हुआ दिखाती हैं। महाभारत की जटिलता और व्यापकता उसे विश्व स्तर पर लोकप्रिय और सर्वग्राह्य बनाती है। मानो यह ऐसा दर्पण है जिसमें विश्व का हर समाज अपनी छवि देख सकता है।

विभिन्न कला एवं स्थापत्य शैलियों के माध्यम से महाभारत की विविध घटनाओं को विभिन्न मंदिरों, चित्रों आदि में दर्शाया गया है। भारतीय डाक 18 डाक टिकटों का एक शीटलेट एवं दो मिनियेचर शीट जारी कर रहा है।

यदि शीटलेट में व्यवस्थित डाक टिकटों को क्रमशः बाएँ से दाहिने गिनते हुए ऊपर से नीचे तक देखा जाए, तो डाक टिकट सं. 1 में ईश्वर का दिव्य रूप राजस्थानी पिछवई शैली में दर्शित है। डाक टिकट सं. 4 में राजा रवि वर्मा द्वारा पाण्डव एवं द्रौपदी का चित्रण है। डाक टिकट सं. 5 में आन्ध्र कर्नाटक क्षेत्रों में प्रचलित चमड़े की छाया पुतली की शैली में द्रौपदी का चित्रण है। डाक टिकट सं. 9 में बिहार, बंगाल क्षेत्र के पटचित्र शैली में पाण्डवों एवं द्रौपदी का चित्रण है। डाक टिकट सं. 10 और 13 में मुगल शैली का चित्रण है। डाक टिकट सं. 16 एवं 17 में उत्तर भारत के प्राचीन हिन्दू एवं जैन धर्मग्रन्थों में जलचित्र शैली के चित्रण दर्शित हैं। डाक टिकट सं. 7, 12 एवं 14 में हलेबिड के मंदिर के भित्तिचित्रों को दिखाते हैं वहीं डाक टिकट सं. 8 महाबलीपुरम के प्रसिद्ध शैलचित्र पर अर्जुन के प्रायश्चित के प्रसंग को दिखाते हैं। डाक टिकट सं. 18 में आंध्र प्रदेश की कलमकारी शैली में चित्रण है।

डाक टिकट सं. 2, 3, 6, 11 और 15 एवं शीटलेट की किनारी के चित्रण एक अत्यंत प्रतिभाशाली लोक कलाकार संतोक बा की कृतियों से लिए गए है जिनकी कलाकृतियाँ आईजीएनसीए, दिल्ली में संरक्षित है। डाक विभाग संतोक बा, उनके परिवार और ऐसे सभी लोक कलाकारों का सम्मान करता है और कृतज्ञता ज्ञापित करता है।

डाक विभाग महाभारत पर 18 स्मारक डाक टिकटों का एक सेट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है।


**आभार:**

| | | |
|---|---|---|
| मूलपाठ | : | लेखिका सुश्री अनिका सिंह द्वारा प्राप्त और इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री पर आधारित |
| डाक टिकट/मिनियेचर शीट/ शीटलेट/प्रथम दिवस आवरण/ | : | श्री लक्ष्मीकान्त दास (डाक विभाग), सुश्री मीना मनी, श्रीमती संतोक बा द्वारा प्राप्त सामग्रियों पर श्रीमती भारती मिरचंदानी द्वारा डिज़ाइन किया गया |
| विरूपण | : | श्रीमती नीनू गुप्ता |


भारतीय डाक
India Post

तकनीकी आंकड़े
## TECHNICAL DATA

| | | |
|---|---|---|
| मूल्यवर्ग | : | 10000 पैसा, 5000 पैसा, 2500 पैसा, (4),1500 पैसा (12) |
| Denomination | : | 10000p, 5000p, 2500p (4), 1500p (12) |
| मुद्रित मिनियेचर शीट | : | 5.0 लाख प्रत्येक |
| Miniature Sheet Printed | : | 5.0 lakh each |
| मुद्रित शीटलेट्स | : | 5.0 लाख |
| Sheetlets Printed | : | 5.0 lakh |
| मुद्रण प्रक्रिया | : | वेट ऑफसेट |
| Printing Process | : | Wet Offset |
| मुद्रक | : | प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद |
| Printer | : | Security Printing Press, Hyderabad |

The philatelic items are available for sale at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html


© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक-टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the stamp, first day cover and information brochure rest with the Department.


मूल्य ₹ 5.00